RAJMATA VIJYARAJE SCINDIA KRISHI VISHWA VIDYALAYA
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय
KRISHI VIGYAN KENDRA, MORENA (M.P.)-476001
कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना (म.प्र.)–476001
भाकृअनुप ICAR

E-mail: kvk.morena@rvskvv.net Website : www.kvkmorena.com Off. Ph. No. : 07532-292810

क्रं./कृ.वि.के./निविदा/2024–25/837 दिनांक 05/02/25

//संशोधित निविदा सूचना//

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में आयोजित फार्मटेक इण्डिया कृषि मेला दिनांक 21 से 24 फरवरी, 2025 में कृषि विज्ञान केन्द्र मुरैना के माध्यम से जिले के विभिन्न ग्रामों से कृषको की कृषि मेला में सहभागिता के लिये उक्त तिथियो में परिवहन हेतु (50–60 सीटर वाली) बसों के आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत बस ट्रेवल्स एजेसिंयों से समिति निविदा कार्यालयीन निविदा सूचना क्र./कृ.वि.के./निविदा/2024–25/796 दिनांक 20.01.2025 से आमंत्रित की गई थी, केन्द्र की क्रय समिति के निर्णय अनुसार अपर्याप्त निविदायें प्राप्त होने के कारण से अब उक्त निविदा प्रपत्र को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर की **वेबसाइट (www.rvskvv.net)** से डाउनलोड कर दिनांक 11 फरवरी, 2025 (मंगलवार) सायं 5 बजे तक निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 500/– डिमांड ड्राफ्ट (राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना के नाम से देय) के साथ पंजीकृत/स्पीडपोस्ट से **कार्यालय, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, ए.बी.. रोड़ मुरैना–476001 (म.प्र.)** में जमा किया जा सकेगा। उक्त निविदायें कार्यालय में क्रय समिति द्वारा निविदाकर्ताओं के समक्ष संशोधित दिनांक 13 फरवरी, 2025 (गुरूवार) को अपराहन 1.00 बजे खोली जायेंगी।

**संलग्न :–** निविदा की शर्ते, निविदा फार्म (अ एवं ब)

5/02/25

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख

## सीमित निविदा की शर्तें (बस हेतु)

1. केवल कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र पर साफ एवं स्वच्छ रूप से भरी हुई दरें ही स्वीकार की जायेंगी तथा ओवरराइटिंग की हुई दरें अस्वीकार कर दी जायेगी।
2. धरोहर राशि रू. 5000/– (जो वापिसी योग्य होगी) किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की बैंक डिपोजिट (FDR) के रूप मे निविदा फार्म के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। बैंक डिपोजिट (FDR) रा.वि.सि.कृ.वि.वि. कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना के नाम से होगा।
3. समुचित रूप से भरी हुई निविदायें सीलबंद लिफाफे मे धरोहर राशि के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना के कार्यालय मे 04.02.2025 सायं 5.00 बजे तक पंजीकृत/स्पीड पोस्ट डाक से जमा की जायेगी जो दिनांक 06.02.2025 को अपराह्न 01.00 बजे गठित समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदाकर्ता या उनके प्रतिनिधि निविदा खोलते समय उपस्थित रह सकते है।
4. प्रत्येक निविदाकार को निविदायें निम्न सीलबंद लिफाफो में प्रेषित करनी होगी :–

अ. प्रथम लिफाफे मे धरोहर राशि रू. 5000/– (जो वापिसी योग्य होगी) बैंक डिपोजिट (FDR) के रूप में रखे तथा निम्न दस्तावेज भी प्रस्तुत करें एवं लिफाफे के ऊपर **"टेक्निकल बिड"** अंकित करें।

(i) फर्म/फर्म स्वामी के पेन नम्बर एवं जी.एस.टी.नम्बर की प्रति।

(ii) फर्म के आयकर रिटर्न की विगत 3 वर्षो की प्रतियॉ यदि उपलब्ध होवें।

(iii) उपलब्ध करायी जाने वाली बसों की नम्बर सहित सूची एवं उक्त बसों के पंजीकरण एवं फिटनेस सर्टिफिकेट की प्रति।

(iv) विगत वर्षो के शासकीय संस्थानों में अनुबंध/अन्य कार्यो हेतु वाहन उपलब्ध कराया गया हो उसकी जानकारी।

(v) नियम व शर्तो पर सहमति हेतु हस्ताक्षर।

(vi) सीमित निविदा फार्म "अ"।

ब. **दूसरे लिफाफे** में बस की परिवहन दरें प्रति कि.मी. के आधार (डीजल, टोल, आरटीओ, वाहन चालक भत्ता एवं अन्य खर्चो सहित) (निविदा फार्म "ब") रखें तथा लिफाफे पर **"फाइनेंशियल बिड"** अंकित करें।

स. **एक बडे लिफाफे** में उक्त दोनों लिफाफे रखें तथा उस पर कृषि मेले 21–24 फरवरी, 2025 में कृषकों के बसों से परिवहन के लिये बसों की निविदा" अंकित कर स्वयं का पता एवं कार्यालयीन पता अंकित करें।

1. निविदा में दरें डीजल, समस्त कर एवं खर्चो सहित दर्शाना होगी।
2. वाहन चालक का भत्ता/अन्य खर्च निविदा दरों में ही सम्मिलित करना होगा।
3. समस्त वाहनों के नम्बरों एवं वाहन चालकों के मोबाइल नम्बरों की सूची वाहन उपलब्ध कराने के पूर्व देना होगी।
4. वाहन चालकों के पास वैध लाईसेंस होना आवश्यक है।
5. प्रत्येक बस में चालक के अतिरिक्त एक हैल्पर होना चाहिए जो कि यात्रा के दौरान किसी प्रकार का नशा या धूम्रपान नहीं करेंगें।
6. बस की कंडीशन (इंजन,टायर, सीट, खिडकी इत्यादि) अच्छी होनी चाहिए।
7. वाहन (बस) आने एवं वापस पहुँचने की वास्तविक रिडिंग देनी होगी।

CamScanner

8. बस का संचालन बस के साथ गये केन्द्र के वैज्ञानिकों/अधिकारियों/कर्मचारियों के अनुसार होगा। जिसमें बस स्टॉफ को पूर्ण सहयोग करना होगा।

9. ट्रैवल्स के द्वारा दी गई दरें एवं न्यूनतम रेटिंग (नि.पी) के आधार पर जिस फर्म की दरें न्यूनतम पाई जायेगी, उस फर्म की बसों का केन्द्र की समिति द्वारा निरीक्षण करने के उपरांत ही कार्य आदेश दिया जायेगा।

10. परिवहन हेतु बसो को नियत बताये गये गाँव/स्थान पर समय से पहुँचना होगा। कृषकों मेले के नियत स्थान पर छोड़ने के पश्चात पार्किंग में कृषकों को वापस लाने तक बस एवं वाहन चालक को रूकना होगा।

11. बस उपलब्ध कराने हेतु किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा। परिवहन कार्य से समिति के संतुष्ट होने पर ही तत्संबंधी बिलों का भुगतान किया जायेगा।

12. फर्म का जी.एस.टी. पंजीयन होना आवश्यक है। वाहन (बस) प्रदाय कराने के तुरन्त उपरांत GST अंकित करते हुये देयक वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख के नाम से उपलब्ध कराना होगा।

13. उक्त कार्य हेतु किये जाने वाले भुगतान पर नियमानुसार आयकर एवं अन्य कर लगता हो, काटा जायेगा।

14. केवल एक या दो निविदा प्राप्त होने पर निविदा खोलने या न खोलने का निर्णय केन्द की क्रय विक्रय समिति द्वारा लिया जायेगा।

15. कार्यालयीन समिति के द्वारा बिना कोई कारण बताए किसी एक या सभी निविदाओं को निरस्त किया जा सकता है।

16. फर्म किसी संस्था से ब्लैक लिस्टेड न हो।

17. यदि आपकी कोई शर्त होतो उसे भी कुटेशन में अवश्य दर्शायें।

18. किसी भी विवाद की स्थिति में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख का निर्णय अंतिम होगा।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख
कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना (म.प्र.)

CamScanner

## राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय
## कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना
### निविदा फार्म "अ" (टेक्नीकल बिड)

1. निविदाकार का नाम एवं पता ..........................................................................
   ..........................................................................
   ..........................................................................
   ..........................................................................
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य (प्रति प्रपत्र) रु. 600.00
   - ड्राफ्ट क्र. :..............................दिनांक..............................डी.डी. (संलग्न)
3. निविदा धरोहर राशि : रु. 5000.00

   बैंक एफ.डी.आर. क्र.........................दिनांक..............................राष्ट्रीयकृत बैंक...............शाखा...............
   - फर्म/फर्म स्वामी के पेन नम्बर की प्रति।
   - फर्म के जी.एस.टी. नंबर की प्रति।
   - बर्तनों के पंजीकरण की प्रति।
   - बर्तनों के वैध लाईसेंस की प्रति।
4. उत्कृष्ट सेवा हेतु प्रशंसा पत्र (यदि कोई हो) संलग्न

दिनांक.............

हस्ताक्षर
(निविदाकार/अधिकृत प्रतिनिधि)

## राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय
## कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरैना
### निविदा फार्म "ब" (फायनेंशियल बिड)

निविदाकार का नाम एवं पता ..............................................................................................
..............................................................................................
..............................................................................................

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 04 फरवरी, 2025 (मंगलवार) समय सायं 5.00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 06 फरवरी, 2025 (गुरुवार) समय अपराह्नः 01.00 बजे

**बस/परिवहन हेतु दरें**

| क्र. | विवरण | दर प्रति कि.मी. | शब्दों में |
|---|---|---|---|
| 1. | बसों का भाड़ा दर (50–60 सीटर) डीजल, टोल, आरटीओं, वाहन चालक भत्ता एवं अन्य खर्चो सहित | | |

हस्ताक्षर
(निविदाकर/अधिकृत प्रतिनिधि)

CamScanner